# विषय : सामाजिक विज्ञान Set-A

**निर्देश:**—सभी प्रश्न हल कीजिए।

1. (अ) सही विकल्प चुनकर लिखिए।

(i) अमेरिका प्रथम विश्वयुद्ध में कब शामिल हुआ?

(A) सन् 1915 (B) सन् 1916

(C) सन् 1917 (D) सन् 1918

(ii) मुगल चित्रकला का स्वर्णयुग किसका शासनकाल कहलाता है?

(A) अकबर (B) औरंगज़ेब

(C) हुमायूँ (C) जहाँगीर

(iii) भारत में पर्दा प्रथा का चलन कब शुरू हुआ?

(A) प्राचीनकाल (B) मध्यकाल

(C) आधुनिक काल (D) कभी नहीं

(iv) मूल्य वृद्धि का कारण नहीं है :

(A) काला बाजारी (B) तस्करी

(C) रोजगार सृजन (D) जमाखोरी

(v) वर्ष 2001 के अनुसार भारत में लिंगानुपात था :

(A) 950 (B) 933

(C) 980 (D) 993

(ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए—

(i) संयुक्त राष्ट्र संघ के वर्तमान महासचिव ............ हैं।

(ii) ............ में वृद्धों को निःशुल्क आवास, भोजन, वस्त्र दिया जाता है।

(iii) रोजगार गारन्टी योजना ............ जिलों में लागू किया गया था।

(iv) जनसंख्या के अत्यंत तीव्र गति से वृद्धि को ............ कहते हैं।

(v) जिन उद्योगों में संपूर्ण पूंजी सरकार द्वारा लगाई जाती है उन्हें ............ उद्योग कहते हैं।

**निर्देश:** प्रश्न क्रमांक **2** से **9** तक अति लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर **2** अंक आबंटित हैं। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा **30** शब्द है।

2. वर्साय की संधि किन देशों के मध्य कब हुई थी?
3. शीत युद्ध किन **दो** देशों के मध्य हुआ?
4. आधुनिक काल के **चार** साहित्यकारों के नाम लिखिए।
5. छत्तीसगढ़ का प्रमुख व्यवसाय तथा फसल क्या है?
6. राज्यसभा को स्थायी सदन क्यों कहते हैं?
7. श्रम कल्याण क्यों आवश्यक है?
8. उपभोक्ता के बचत के सिद्धांत को वैज्ञानिक रूप किसने प्रदान किया?
9. श्रम विभाजन से श्रमिकों की गतिशीलता में कैसे वृद्धि होती है?

**निर्देश:** प्रश्न क्रमांक **10** से **15** तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर **3** अंक आबंटित हैं। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा **50** शब्द है।

10. संयुक्त राष्ट्रसंघ की स्थापना के कारणों को लिखिए।
11. प्राचीन भारत के दक्षिणी राज्य का वर्णन कीजिए।
12. विधान सभा अध्यक्ष के **तीन** कार्य लिखिए।
13. उपभोक्ता की बचत, उपयोग मूल्य और विनिमय मूल्य के अन्तर को किस प्रकार स्पष्ट करता है?
14. मृत्युदर में कमी आने के प्रमुख कारणों का वर्णन कीजिए।
15. श्रम विभाजन से समाज को क्या हानि होती है?

**निर्देश:** प्रश्न क्रमांक **16** से **21** तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में आन्तरिक विकल्प हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक आबंटित हैं। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा **75** शब्द है।

16. उद्योगों से होने वाले **चार** प्रदूषणों का वर्णन कीजिए।

**अथवा**

भारत में वस्त्रोद्योग का वितरण लिखिए।

17. भारत में बेरोजगारी की समस्या के कोई **चार** कारणों का वर्णन कीजिए।

**अथवा**

भारत में मूल्य वृद्धि के **चार** प्रभाव लिखिए।

18. भारत में वनों के विनाश के क्या कारण हैं?

**अथवा**

मृदा अपरदन क्या है? इसके **तीन** कारण लिखिए।

19. फासीवाद की **चार** विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

**अथवा**

नाजीवाद के उदय में वर्साय की संधि किस प्रकार सहायक हुई?

20. गुटनिरपेक्षता की नीति के **चार** प्रमुख तत्वों को स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

भारत में राष्ट्रीय आन्दोलन की सफलता के **चार** कारण लिखिए।

21. स्त्रियों की स्थिति में सुधार के कोई **चार** उपाय लिखिए।

**अथवा**

सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 को संक्षिप्त में समझाइये।

**निर्देश:** प्रश्न क्रमांक **22** से **25** तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में आन्तरिक विकल्प हैं। प्रत्येक प्रश्न पर **5** अंक आबंटित हैं। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा **100** शब्द है।

22. भारत के मानचित्र में निम्नांकित को प्रदर्शित कीजिए—

(i) लौह उत्पादक क्षेत्र (ii) अरब सागर

(iii) रायपुर (iv) दिल्ली–कोलकाता रेलमार्ग

(v) जम्मू

**अथवा**

(i) कर्क रेखा (ii) भाखरा नांगल बाँध

(iii) थार का मरुस्थल (iv) बिलासपुर

(v) दिल्ली–चेन्नई रेलमार्ग

23. खनिज संसाधनों का आर्थिक महत्व क्या है?

**अथवा**

मुम्बई हाई का महत्व लिखिए।

24. केन्द्रीय मंत्रिमंडल पर लोकसभा किस प्रकार नियंत्रण करती है? समझाइए।

अथवा

जिले के दीवानी न्यायालय के क्षेत्राधिकार लिखिए।

25. साम्राज्यवाद के **पाँच** सकारात्मक प्रभावों का वर्णन कीजिए।

**अथवा**

साम्राज्यवाद के **पाँच** नकारात्मक प्रभावों का वर्णन कीजिए।

**निर्देश:** प्रश्न क्रमांक **26** एवं **27** में दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में आन्तरिक विकल्प हैं। प्रत्येक प्रश्न पर **6** अंक आबंटित है। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा **150** शब्द है।

26. भारत की प्रमुख **छः** व्यापारिक फसलों के लिए आवश्यक भौगोलिक दशाओं का वर्णन कीजिए।

**अथवा**

भारत की मिट्टियाँ कितने प्रकार की हैं? वर्णन कीजिए।

27. द्वितीय विश्व युद्ध के **छः** परिणामों पर प्रकाश डालिए।

**अथवा**

द्वितीय विश्व युद्ध के **छः** कारणों पर प्रकाश डालिए।